Email : railsamacharbureau@rediffmail.com, www.railsamacharbureauald.com

# रेल समाचार ब्यूरो

भारतीय रेल देश की जीवन रेखा है, इसका आधुनिकीकरण हमारी प्राथमिकता है

R.N.I.No. 51097/90 DN/XXX/2021-2023 Post AD No. 8

सम्पूर्ण रेल जगत का प्रथम पाक्षिक

हमें रेलवे की तस्वीर और बेहतर बनानी होगी

अपने शुभचिंतको को घर पर ही विदा करे, प्लेटफार्म पर नहीं

वर्ष-३१ अंक-१४ प्रयागराज रेल समाचार ब्यूरो १६-३१ जुलाई २०२३ पृष्ठ ०८ मूल्य:२० रु.मात्र + डाक खर्च (रंगीन सहित)



प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने ०७ जुलाई, २०२३ को उत्तर प्रदेश के गोरखपुर में दो वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों को हरी झंडी दिखाई।

## प्रधानमंत्री ने गोरखपुर से दो वंदे भारत ट्रेनों को झंडी दिखाकर किया रवाना

पसूका/नई दिल्लीः उत्तर प्रदेश के गोरखपुर रेलवे स्टेशन से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दो वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों को झंडी दिखाकर रवाना किया। दो वंदे भारत ट्रेन हैं - गोरखपुर-लखनऊ वंदे भारत एक्सप्रेस और जोधपुर-अहमदाबाद (साबरमती) वंदे भारत एक्सप्रेस। दिनांकः ०७.०७.२०२३ को प्रधानमंत्री ने लगभग ४६८ करोड़ की लागत से गोरखपुर रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास का शिलान्यास भी किया और गोरखपुर रेलवे स्टेशन के प्रस्तावित मॉडल का निरीक्षण किया। प्रधानमंत्री के साथ उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और गोरखपुर से सांसद रवि किशन भी मौजूद थे। गोरखपुर-लखनऊ वंदे भारत एक्सप्रेस अयोध्या से होकर गुजरेगी और पर्यटन को बढ़ावा देने के साथ राज्य के महत्वपूर्ण शहरों के रेल-परिवहन संपर्क में सुधार करेगी। जोधपुर-साबरमती वंदे भारत एक्सप्रेस, क्षेत्र के सामाजिक-आर्थिक विकास को बढ़ावा देते हुए जोधपुर, आबू रोड और अहमदाबाद जैसे प्रसिद्ध स्थानों के लिए रेल-परिवहन संपर्क का विस्तार करेगी। लगभग ४६८ करोड़ रुपये की लागत से गोरखपुर रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास का शिलान्यास भी किया गया है। पुनर्विकसित होने के बाद, गोरखपुर रेलवे स्टेशन पर यात्रियों को विश्वस्तरीय सुविधाएं प्राप्त होंगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोको पायलट के केबिन में जाकर क्रू मेंबर से वार्ता कर उन्हें शुभकामनाएं दीं। इंजन का जायजा लेने के बाद पीएम ने प्लेटफॉर्म नंबर एक पर रखे गोरखपुर जंक्शन स्टेशन पुनर्विकास परियोजना के मॉडल को देखा। इसके बाद रिमोट का बटन दबाकर इस परियोजना का शिलान्यास किया। इस अवसर पर चेयरमैन रेलवे बोर्ड अनिल लोहाटी, पूर्वोत्तर रेलवे के जीएम चंद्रवीर रमण आदि मौजूद रहे।

## इंडिया मोबाइल कांग्रेस (आईएमसी) २०२३, कर्टेन रेजर का हुआ उद्घाटन




पसूका/नई दिल्लीः केंद्रीय संचार, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने संचार राज्यमंत्री देवुसिंह चौहान की उपस्थिति में दिः १२.०७.२०२३ को आईएमसी-२०२३ के कर्टेन रेजर का उद्घाटन किया। कर्टेन रेजर के इस कार्यक्रम में सेल्युलर ऑपरेटर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (सीओएआई) के सदस्यों के अलावा दूरसंचार उद्योग, स्टार्टअप आदि के विभिन्न प्रतिनिधियों ने भाग लिया। एशिया की प्रमुख डिजिटल प्रौद्योगिकी प्रदर्शनी, इंडिया मोबाइल कांग्रेस (आईएमसी) का सातवां संस्करण इस साल नई दिल्ली के प्रगति मैदान में २७ से २६ अक्टूबर तक आयोजित किया जाएगा। दूरसंचार विभाग (डीओटी) और सेल्युलर ऑपरेटर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (सीओएआई) द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित आईएमसी २०२३ का विषय है वैश्विक डिजिटल नवाचार।

आईएमसी २०२३ कार्यक्रम में लगभग १,००,००० से अधिक प्रतिभागी, ५,००० से अधिक सीएक्सओ-स्तर के प्रतिनिधिमंडल, ३५० से अधिक वक्ता और ४०० से अधिक एग्जिविटर शामिल होंगे। सार्वभौम एवं सस्ती कनेक्टिविटी स्वदेशी प्रौद्योगिकी विकसित करने, दूरसंचार एवं सेमीकंडक्टर विनिर्माण परिवेश विकसित करने और ६जी प्रौद्योगिकी में अग्रणी बनने संबंधी माननीय प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण को आगे बढ़ाते हुए रेल, संचार, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आज कहा की पिछले साल आईएमसी को जबरदस्त सफलता मिली थी। अब समय आ गया है कि आईएमसी को भारत का प्रमुख प्रौद्योगिकी कार्यक्रम बनाया जाए। इसके साथ ही उन्होने कहा की इंडिया मोबाइल कांग्रेस देश के एक प्रमुख प्रौद्योगिकी कार्यक्रम के रूप में उभरा है।

पिछले साल, प्रधानमंत्री ने ५जी को लॉन्च किया था और भारत सबसे तेजी से ५जी की तैनाती करने वाले देश के रूप में उभरा है। ड्रोन प्रौद्योगिकी, पावर इलेक्ट्रॉनिक्स, उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स, एआइ नवाचार, डीप-टेक, सैटकॉम, मोबाइल विनिर्माण, साइबर सुरक्षा, डेटा सेंटर के नवाचार, स्टार्टअप आदि तमाम उद्योगों को आईएमसी के साथ जोड़ा जाना चाहिए। वहीं केंद्रीय संचार राज्यमंत्री देवुसिंह चौहान ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा की पिछले कुछ वर्षो के दौरान भारत के दूरसंचार उद्योग में काफी बदलाव आया है।

## उत्तर प्रदेश युवाओं को सफलतापूर्वक आगे बढ़ने के लिए कर रहा है मंच प्रदान-सीएम योगी



रे.स.ब्यू./सूत्रः लखनऊ लोकभवन में १७वें नियुक्ति पत्र कार्यक्रम में योगी सरकार ने मिशन रोजगार के तहत ४०० अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए। दिनांकः १५.०७.२०२३ को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अभ्यर्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज उत्तर प्रदेश युवाओं के अनुकूल है, जो उन्हे सफलता पूर्वक आगे बढ़ने के लिए मंच प्रदान कर रहा है। प्रदेश के युवाओं को अधिक से अधिक रोजगार उपलब्ध कराने और सरकारी नौकरी देने के लिए ग्रुप टू और थ्री के नॉन गजटेड पदों में इंटरव्यू की प्रक्रिया को समाप्त किया गया है, जो सरकार के हर युवा को नौकरी उपलब्ध कराने के दृढ़ संकल्प को दर्शाता है। १७ वें नियुक्ति पत्र कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग एवं उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा निष्पक्ष एवं पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के तहत चयनित ६६ समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी (उत्तर प्रदेश राजस्व परिषद), २०४ अनुदेशक (प्राविधिक शिक्षा विभाग) एवं १३० कनिष्ठ सहायक (लोक निर्माण विभाग) के अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र दिये गए हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जब सरकार की कार्यपद्धति में कोई खोट नहीं होता है तो उसके कार्यो का लाभ पूरे प्रदेशवासियों को मिलता है। जिस तरह आज प्रदेश के हर वर्ग को मिल रहा है। यही वजह है कि आज प्रदेश की पहचान का संकट भी समाप्त हुआ है। प्रदेश के युवाओं को रोजगार के लिए दूसरे राज्यों में नहीं भटकना पड़ रहा है।

# दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे जोनल पीएनएम बैठक सफलतापूर्वक संपन्न



रे.स.ब्यू./सूत्रःबिलासपुर दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, मुख्यालय, बिलासपुर में दिनांक १३ एवं १४ जुलाई, २०२३ को जोनल स्तर पर दो दिवसीय पीएनएम (परमानेंट नेगोशियेशन मशीनरी) बैठक संपन्न हुई । पीएनएम बैठक का उद्देश्य रेलवे संगठन के मान्यता प्राप्त यूनियनों एवं एसोसिएशनों के प्रतिनिधियों एवं प्रबंधन के मध्य विचार विमर्शो के द्वारा संगठन की उत्पादकता एवं कार्यप्रणाली में गुणात्मक सुधार लाना होता है । इस पीएनएम बैठक की अध्यक्षता आलोक कुमार, महाप्रबंधक, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने की । बैठक में प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी एवं समस्त प्रमुख विभागाध्यक्षों के साथ-साथ दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे मेन्स कांग्रेस यूनियन के पदाधिकारी उपस्थित थे। पीएनएम बैठक की शुरुआत में कार्मिक विभाग के द्वारा कर्मचारी कल्याण के लिए किए गए कार्यो एवं उपलब्धियों को एक प्रेजेंटेशन के माध्यम से प्रस्तुत किया गया । पीएनएम बैठक को संबोधित करते हुए बैठक के अध्यक्ष एवं महाप्रबंधक आलोक कुमार ने मजदूर कांग्रेस यूनियन के पदाधिकारियों को रेल कर्मचारियों से जुड़े समस्याओं को संज्ञान में लाने के लिए धन्यवाद दिया व कहा कि रेल प्रशासन सभी कर्मचारियों एवं उनके परिजनों की समस्याओं को लेकर संवेदनशील है। उन्होंने आगे कहा कि हम सभी कर्मचारियों को उनके कार्यस्थल में बेह्तर सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु प्रतिबद्ध हैं । मजदूर कांग्रेस यूनियन द्वारा रेल कर्मचारियों के कल्याण से संबन्धित उठाए गए सभी मुद्दो पर विधिसम्मत कार्रवाई पर जोर देते हुए उन्होने सभी को आश्वस्त किया कि रेलवे बोर्ड के दिशा-निर्देशानुसार सभी मुद्दों पर आवश्यक कार्यवाही शीघ्र की जाएगी । साथ ही उन्होने बैठक में उठाये गये सभी महत्वपूर्ण मुद्दों के तुरंत निराकरण के लिए भी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया ।बैठक में प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी अजय कुमार श्रीवास्तव ने भी कांग्रेस यूनियन के पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए रेल कर्मचारियों के कल्याण कार्यो में उनकी सहभागिता के लिए सभी को धन्यवाद दिया ।

बैठक के दौरान रेलवे प्रशासन की ओर से सभी विभागाध्यक्षों द्वारा अपने- अपने विभागो से संबन्धित मुद्दों पर चर्चा करते हुए जवाब दिया गया ।

# महानिरीक्षक ए एन सिन्हा ने की अपराध समीक्षा बैठक



रे.स.ब्यू./संवा.प्रयागराज नवनियुक्त महानिरीक्षक ए एन सिन्हा ने प्रयागराज, झांसी और आगरा मंडल के वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्तों के साथ दिनांक १४.०७.२०२३ को अपराध समीक्षा बैठक की। सभी को अपराध पर नियंत्रण एवं यात्रियों में आरपीएफ के प्रति सुरक्षा भावना को और अधिक बेहतर करने के निर्देश दिए। ए एन सिन्हा ने बच्चों, बुजुर्गो एवं महिलाओं को बेहतर सुरक्षा उपलब्ध करवाने की हिदायत दी। एलार्म चेन पुलिंग और ट्रेनों पर पत्थर फेंकने वाले सभी आरोपियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही करने के निर्देश दिया। वर्ष २०२५ में प्रयागराज में होने वाले महाकुंभ के आयोजन के संबंध में वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त प्रयागराज द्वारा बनाए योजना की समीक्षा की और बेहतर रूप से सफल बनाने के लिए सभी संबंधितों से सुझाव लिए। इस अवसर पर वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त प्रयागराज ने अवगत कराया कि, उत्तर प्रदेश सरकार के महाकुंभ के लिए गठित तकनीकी टीम से पूर्व में गोष्ठी के विषय में अवगत कराया। महानिरीक्षक ए एन सिन्हा ने सभी अधिकारियों को अपना शून्य भ्रष्टाचार की नीति को स्पष्ट करते हुए निर्देश दिया कि, भ्रष्टाचार में लिप्त बल सदस्यों को दंडित करें जिससे अन्य बल सदस्य वही गलती न दोहराएं। इसके अलावा मीडिया कर्मियों से बेहतर समन्वय एवं सहयोग के लिए भी उन्होंने निर्देशित किया।

# उत्तर मध्य रेलवे मे हिंदी वाक् प्रतियोगिता आयोजित




साभारः राजभाषा हिंदी के प्रयोग-प्रसार में अधिकारियों एवं कर्मचारियों की रचनात्मक सहभागिता बढ़ाने के उद्देश्य से महाप्रबंधक सतीश कुमार के निर्देशानुसार और मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं प्रधान मुख्य संरक्षा अधिकारी मनीष कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन में उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय के राजभाषा विभाग द्वारा क्षेत्रीय रेल स्तर पर हिंदी टिप्पण एवं प्रारूप लेखन, हिंदी निबंध लेखन एवं हिंदी वाक् प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में मंडलों, कारखानों और मुख्यालय के कर्मचारियों ने अत्यंत उत्साह से भाग लिया। श्आर्टीफिशियल इंटेलीजेंस के विविध उपयोग रू फायदे और जोखिमश विषय पर आयोजित हिंदी वाक प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने विविध क्षेत्रें में आर्टीफिशियल इंटेलीजेंस के उपयोग के फायदे और जोखिम बारे में अपने विचार व्यक्त किए और रेलवे की कार्यप्रणाली, यात्री सुविधाओं, रेल संचालन सहित राष्ट्रीय जीवन के विकास में इसके सकारात्मक उपयोग के महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर निर्णायक के रूप में उपस्थित उप मुख्य सतर्कता अधिकारी/ यातायात डॉ. जीतेन्द्र कुमार ने कहा कि कृत्रिम मेधा प्रकारांतर से सूचनात्मक ज्ञान के प्रतिमानीकरण पर आधारित है, जबकि मानवीय बुद्धि नैतिक एवं मूल्यपरक चेतना तथा संवेदना से जुड़ी हुई हैं। आखेटक, पशुपालक, कृषि तथा औद्योगिक समाज की सभ्यतागत यात्र के पड़ाव तय करते हुए आज हम सूचना तकनीक समाज में पहुँच गए हैं, जिसका सबसे नवीनतम स्वरूप आर्टीफिशियल इंटेलीजेंस है। डॉ. जीतेन्द्र कुमार ने कहा कि मानवीय बोध और प्रज्ञान पर आधारित मानव बुद्धि के आगे आर्टीफिशियल इंटेलीजेंस सदैव गौण रहेगा। व्यक्ति और समाज को इस आधुनिकतम तकनीक के इस्तेमाल में आत्म नियंत्रण और आत्मानुकूलन बरतना चाहिए। इस अवसर पर दूसरे निर्णायक के रूप में उपस्थित उप मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं उप विसमुलेधि/ वित्त एवं बजट शैलेन्द्र कुमार सिंह ने कहा कि जनरेटिव एआई आर्टीफिशियल इंटेलीजेंस का नया आयाम है। एआई द्वारा तेज गणना और सभी पूर्वानुमान किया जा सकता है। लेकिन इसके खतरे और जोखिम भी बहुत अधिक हैं, जिसमें डेवलपर की पूर्वाग्रह भावना, पारदर्शिता का अभाव, तथ्याधारित, सहनुभूतिपरक एवं आत्मनिष्ठ निर्णय की अक्षमता, निजता का हनन, साइबर अपराध, समाज के कमजोर वर्गो के बीच असमानता और डिजिटल डिवाइड जैसे पहलू शामिल हैं। सिंह ने एआई के इस्तेमाल के सुदृढ़ कानूनी और नियामकीय व्यवस्था की आवश्यकता पर बल दिया। इस प्रतियोगिता में राजीव सिंह, वरि. तकनीशियन, बिजली/सामान्य, प्रयागराज मंडल को प्रथम स्थान, सुशिवानी पाण्डेय, सहायक/ सिगनल एवं दूर संचार, स्टेशन प्रबंधक, एट, आगरा मंडल को द्वितीय स्थान तथा पवन कुमार पाण्डेय, यातायात निरीक्षक, प्रयागराज मंडल को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।कार्यक्रम का संयोजन वरिष्ठ राजभाषा अधिकारी चन्द्र भूषण पाण्डेय ने किया तथा संचालन राजभाषा अधिकारी यथार्थ पाण्डेय द्वारा किया गया।



माननीय शिव प्रताप शुक्ला जी को हिमाचल प्रदेश का गवर्नर बनाए जाने पर उनके गोरखपुर आवास पर मिलकर उन्हें बधाई देते हुए एनआरयूसीसी/एनईआर के सदस्य बी.पी.पाण्डेय

## सतेंद्र कुमार ने ग्रहण किया प्रधान मुख्य संकेत एवं दूरसंचार इंजीनियर, उत्तर मध्य रेलवे का कार्यभार



रे.स.ब्यू./संवा.प्रयागराज सतेंद्र कुमार ने प्रधान मुख्य संकेत एवं दूरसंचार इंजीनियर, उत्तर मध्य रेलवे का कार्यभार ग्रहण किया है। उन्होंने निवर्तमान पीसीएसटीई एम.के. बेउरा के स्थान पर पदभार ग्रहण किया। ज्ञात हो कि, बेउरा का पीसीएसटीई के रूप में दक्षिण पूर्व रेलवे/कोलकाता में स्थानांतरण हुआ है। सतेंद्र कुमार १९९० बैच के आईआर एसएसई (इंडियन रेलवे सर्विस ऑफ सिग्नल इंजीनियर्स) अधिकारी हैं और १९९२ में एएसटीई/एनईआर के रूप में भारतीय रेलवे में शामिल हुए थे। अभी सतेंद्र कुमार मुख्य संकेत एवं दूरसंचार इंजीनियर/ परियोजना/ समन्वय के पद पर कार्यरत थे। सतेंद्र कुमार ने पूर्व मध्य रेलवे में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों जैसे सीएसटीई/वर्क्स, सीसीई, डिप्टी सीएसटीई/ निर्माण/ दानापुरऔर सीनियर डीएसटीई / मुगलसराय में कार्य किया है। सतेंद्र कुमार ने इलाहाबाद विश्वविद्यालय के जे के इंस्टीट्यूट से इंजीनियरिंग में स्नातक की उपाधि प्राप्त की है। वह अगस्त २००१ से अगस्त २००५ तक शारजाह संयुक्त अरब अमीरात में इरक न के माध्यम से प्रतिनियुक्ति पर थे। कुमार वर्तमान में १६० किमी प्रति घंटे के गति वृद्धि संबंधित स्वचालित सिगनलिंग और कवच परियोजना से जुड़े हैं।

**अगला अंक स्वंतत्रता दिवस विशेषांक होगा अपने संस्थान की विशेष उपलब्धिया विज्ञापन के साथ भेजने की कृपा करें।**

## प्रबंध निदेशक, डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड ने किया विंडोट्रेलिंग निरीक्षण



साभारः प्रबंध निदेशक, डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड के द्वार न्यू पंडित दिनदयाल उपाध्याय जंक्शन स्टेशन से न्यू कानपुर जंक्शन स्टेशन, और पंडित दिनदयाल उपाध्याय जंक्शन से व्यास नगर स्टेशन का दिनांक ८ जुलाई २०२३ को विंडोट्रेलिंग निरीक्षण किया गया। इस निरीक्षण के दौरान डीएफसीसीआईएल के वरिष्ठ अधिकारी जिसमें निदेशक परियोजना (नियोजन) मुख्य महाप्रबंधक प्रयागराज (पूर्व), महाप्रबंधक (समन्वय) प्रयागराज (पश्चिम), महाप्रबंधक एसएनटी (पूर्व) महाप्रबंधक एसएनटी (पश्चिम), महाप्रबंधक (सुरक्षा), उपमहाप्रबंधक (कर्षण एवं रोलिंग स्टॉक) प्रयागराज शामिल हुए। इनके अतिरिक्त जीएमआर पीएमसी के अधिकारी मौजुद रहे। प्रबंध निदेशक डीएफसीसीआईएल ने निरीक्षण के दौरान गाड़ियों को ईस्टर्न कॉरिडोर प्रति पूर्ण क्षमता से गाड़ियां चलाने के लिए कहा गया। निरीक्षण के दौरन मुनु साइडिंग (एनटीपीसी) मेजा पावर प्लांट की डी एफ सी लाइन के साथ कनेक्टिविटी का भी जायजा लिया। मानसून को नजर में रखते हुए हर विभाग के अधिकारी को हर समभव सुरक्षा के साथ ट्रेन परिचालन के लिए निर्देश दिए गए। सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए हर संभव प्रयास के लिए कहा गया तथा न्यू कानपुर स्टेशन पर निरीक्षण के दौरान रोड कनेक्टिविटी (सभी मौसम के अनुकूल), मास्ट लाइटिंग, स्टाफ क्वार्टर, को जल्दी से जल्दी बनाने के लिए कहा गया। सेक्शन में बचे हुए कार्यो को जल्द से जल्द समाप्त करने के निर्देश दिए गए। न्यू कानपुर स्टेशन पर प्रबंध निदेशक डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर द्वारा पोधारपण किया गया। डीएफसी के प्रबंध निदेशक ने न्यू कानपुर के स्टेशन कर्मचारियों के साथ मुलाकात की और दिन-प्रतिदिन के जीवन में आने वाली सभी समस्याओं और इन शिकायतों को दूर करने के लिए आवश्यक निर्देश दिए गए। ७ जुलाई २०२३ को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा न्यू डीडीयू से चिराइलापाथु तक डीएफसी लाइन के लोकर्पण से औद्योगिक इकाइयों को गति मिलेगी और व्यापारियों को सहुलियत होगी एवं रोजगार में बढ़ावा मिलेगा।

रेलवे की लाइन से माल गड़ियों का दबाव कम होगा और नई यात्री ट्रेन का परिचलन भी अब शुरू किया जा सकता है। नई कनेक्टिविटी से अब कोयला से लेकर अयस्क व कच्चा माल भी समय रहते औद्योगिक नगरों तक सुगमता से भेजेंगे जा सकेंगे।

## महाप्रबन्धक सतीश कुमार ने रेल कर्मचारियों को प्रदान किए संरक्षा पुरस्कार



रे.स.ब्यू./सूत्रःमहाप्रबन्धक, उत्तर मध्य रेलवे, सतीश कुमार, प्रमुख मुख्य संरक्षा अधिकारी, राजेश मिश्रा एवं उत्तर मध्य रेलवे के विभागाध्यक्षों की उपस्थिति में दि. ११.०७.२०२३ को संरक्षा के प्रति किए गए उत्कृष्ट कार्यो के लिए झांसी, आगरा एवं प्रयागराज मण्डलों से चयनित ०७ रेल कर्मचारियों को महाप्रबन्धक महोदय के द्वारा संरक्षा पुरस्कार प्रदान किए गए। पुरस्कृत कर्मचारियों मे १. अमरनाथ, प्वाइण्टसमैन/ जिगना/प्रयागराज मण्डल २. काशीराम कुशवाहा, प्वाइण्टस मैन/ओरछा/झांसी मण्डल ३. राममिलन यादव, सिगनल सहायक/मोहासा/ झांसी मण्डल ४. दिनेश कुमार मीना, गेटमैन इंजी./ कोसीकलां/ आगरा मण्डल ५. गजेन्द्र कुमार यादव, सहायक लोको पायलट/ वीरांगना लक्ष्मीबाई/ झांसी मण्डल ६. मुकेश साहू, लोको पायलट/ वीरांगना लक्ष्मीबाई/ झांसी मण्डल ७. शशिकांत कुमार, कांस्टेबलध्आर.पी. एस. एफ./प्रयागराज छिवकी/ प्रयागराज मण्डल शामिल हैं। शशिकांत कुमार, कांस्टेबल/ आर.पी.एस.एफ./प्रयागराज छिवकी/ प्रयागराज मण्डल को माह जून, २०२३ के "सर्वश्रेष्ठ रेलकर्मी" के संरक्षा पुरस्कार से सम्मनित किया गया। शशिकांत कुमार ने दिनांक ०८.०६.२३ को ड्यूटी के दौरान एक महिला की त्वरित कार्यवाही करके जान बचायी, जो प्रयागराज छिवकी पर ट्रेन एवं प्लेटफार्म के गैप में गिर गयी थी। इस प्रकार शशिकांत कुमार ने अपने कर्तव्यों का उचित प्रकार से निर्वहन करते हुए रेलवे की छवि को उज्ज्वल बनाया।

## भारतीय रेलवे ने यूनाइटेड स्टेट एजेंसी फॉर इंटरनेशनल डेवलपमेंट/इंडिया के साथ समझौता ज्ञापन पर किए हस्ताक्षर

पसूका/नई दिल्लीः भारतीय रेलवे २०३० तक शून्य कार्बन उत्सर्जन की उपलब्धि के लिए सक्रिय रूप से काम कर रहा है। रेलवे ने इसके लिए बहुआयामी रणनीति बनाई है। कार्बन फुटप्रिंट को कम करने की अपनी प्रतिबद्धता के लिए भारतीय रेलवे कई उपाय कर रही है। इसके अनुरूप नवीकरणीय ऊर्जा और ऊर्जा दक्षता पर सहयोग के लिए १४ जून २०२३ को भारतीय रेलवे, भारत सरकार और यूनाइटेड स्टेट्स एजेंसी फॉर इंटरनेशनल डेवलपमेंट/इंडिया (यूएसएआईडी/इंडिया) के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। एमओयू पर नवीन गुलाटी, सदस्य, (ट्रैक्शन रोलिंग स्टॉक) रेलवे बोर्ड, भारतीय रेलवे और सुइसबेल कोलमैन, उप प्रशासक, यूएसएआईडी ने अनिल कुमार लाहोटी, अध्यक्ष एवं सीईओ, रेलवे बोर्ड की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए। यूएसएआईडी, अमेरिकी सरकार की एक एजेंसी है जो अंतरराष्ट्रीय विकास का समर्थन करती है और आर्थिक विकास, कृषि और व्यापार, स्वच्छ ऊर्जा, जलवायु परिवर्तन शमन और अनुकूलन, वैश्विक स्वास्थ्य, लोकतंत्र और संघर्ष शमन और प्रबंधन और मानवीय सहायता को समर्थन देकर अपने मिशन के उद्देश्यों को आगे बढ़ाती है। एमओयू के माध्यम से भारतीय रेलवे को तकनीकी सहायता एवं समर्थन प्रदान किया जाएगा। एमओयू में मुख्य रुप से निम्नलिखित क्षेत्रों को शामिल किया गया है लेकिन, यह इन्हीं तक सीमित नहीं है-भारतीय रेलवे के लिए स्वच्छ ऊर्जा सहित दीर्घकालिक ऊर्जा योजना। भारतीय रेलवे के भवनों के लिए एक दक्ष ऊर्जा नीति और कार्य योजना का विकास। भारतीय रेलवे के नेट शून्य दृष्टिकोण को प्राप्त करने के लिए स्वच्छ ऊर्जा की खरीद योजना। नियामक और कार्यान्वयन बाधाओं को दूर करने के लिए तकनीकी सहायता व्यवस्था अनुकूल, बड़े पैमाने पर नवीकरणीय खरीद के लिए समर्थन हेतु बोली लगाने की प्रक्रिया की योजना और प्रबंधन। ई-मोबिलिटी को बढ़ावा देने में भारतीय रेलवे का समर्थन करना। क्षेत्रीय दौरों और अध्यन दौरों (घरेलू और अंतरराष्ट्रीय सहित) चिन्हित क्षेत्रों में संयुक्त रूप से कार्यक्रमों, सम्मेलनों और दक्षता उन्नयन कार्यक्रमों की मेजबानी करना। यूएसएआईडी, भारत के साथ भारतीय रेलवे का यह सहयोग भारतीय रेलवे को २०३० तक शुद्ध शून्य कार्बन उत्सर्जन हासिल करने में काफी मदद करेगा।

### हमारे ग्राहक

"हमारे पास आने वाला हर ग्राहक एक महत्वपूर्ण अभ्यागत है। वह हम पर निर्भर नहीं है, बल्कि हम उस पर निर्भर हैं। वह हमारे काम में बाधक नहीं, साधक है। वह हमारी कार्य-सीमा से विलग नहीं है, बल्कि उसका ही अंग है। हम उसकी सेवा करके सउस पर उपकार नहीं करते वरन् वह हमें सेवा का अवसर प्रदान कर हमें अनुग्रहीत करता है। ग्राहक से तर्क करना उचित नहीं है। उससे तर्क करके अभी तक किसी को सफलता नहीं मिली।" महात्मा गांधी

## सम्पादकीय

# भारत का बदलता परिदृश्य

किसी राष्ट्र का गौरव तभी जाग्रत रहता है जब वो अपने स्वाभिमान और बलिदान की परम्पराओं को अगली पीढ़ी को भी सिखाता है, संस्कारित करता है, उन्हें इसके लिए निरंतर प्रेरित करता है। फिर भारत के पास तो गर्व करने के लिए अथाह भंडार है, समृद्ध इतिहास है, चेतनामय सांस्कृतिक विरासत है।जब हम गुलामी के उस दौर की कल्पना करते हैं, जहां करोड़ों-करोड़ लोगों ने सदियों तक आजादी की एक सुबह का इंतजार किया, तब ये अहसास और बढ़ता है कि आजादी के ७५ साल का अवसर कितना ऐतिहासिक है, कितना गौरवशाली है। १९४७ में जब भारत ने अपनी स्वतंत्रता की घोषणा की, तो इसका सकल घरेलू उत्पाद मात्र २.७ लाख करोड़ था, जो विश्व के सकल घरेलू उत्पाद का ३% था। १९६५ में भारत में हरित क्रांति की शुरुआत हरित क्रांति के जनक एम. एस. स्वामीनाथन ने की थी। हरित क्रांति के दौरान, उच्च उपज वाले गेहूं और चावल के प्रकारों के साथ लगाए गए फसल क्षेत्र में उल्लेखनीय वृद्धि हुई थी। किसी राष्ट्र का भविष्य तभी उज्ज्वल होता है जब वो अपने अतीत के अनुभवों और विरासत के गर्व से पल-पल जुड़ा रहता है। इस पर्व में शाश्वत भारत की परंपरा भी है, स्वाधीनता संग्राम की परछाई भी है, और आजाद भारत की गौरवान्वित करने वाली प्रगति भी है।

हम भारत में हो रहे बड़े बदलावों और विकास कार्यो की दहलीज पर खड़े हैं। यह हर भारतीय के लिए उम्मीदों भरा दौर है, एक ऐसा दौर है जिसमें वे बेहतर जिंदगी और बेहतर देश का ख्वाब देख सकते हैं। लिहाजा, यही वह वक्त है, जब हम भविष्य के भारत का ताना-बाना बुनें। हालाँकि जब हम सावधानीपूर्वक इस ओर देखें कि देश क्या बन सकता है।

# सांसद की अध्यक्षता एवं सहअध्यक्ष सांसद फूलपुर एवं भदोही की उपस्थिति में जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति (दिशा) की बैठक सम्पन्न



रे.स.ब्यू./संवा.प्रयागराज सांसद प्रो० रीता बहुगुणा जोशी की अध्यक्षता एवं सहअध्यक्ष मा० सांसद फूलपुर केशरी देवी पटेल तथा मा० सांसद भदोही रमेश चन्द्र बिन्द की उपस्थिति में सोमवार को संगम सभागार में जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति (दिशा) की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में माननीय सांसदगणों के द्वारा जगह-जगह पानी जमा होने एवं कस्बों में साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए है। साफ-सफाई एवं जल-जमाव की निकासी हेतु की गयी व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी देते हुए जिलाधिकारी ने बताया कि जहां पर भी वाटरलागिंग होती है, उसको चेक कराकर पानी निकासी की व्यवस्था की जाय एवं जहां पर भी नगर पंचायतें है, वे अपने कस्बों की साफ-सफाई एवं जहां पर नगर पंचायतें नहीं है, वहां पर जिला पंचायतीराज अधिकारी के द्वारा साफ-सफाई की नियमित रूप से व्यवस्था सुनिश्चित करें। बैठक में पहले जो भी शिकायतें आयी थी, उसका कितना अनुपालन हुआ, उसकी समीक्षा की गयी।

मा० अध्यक्ष महोदया के द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी एवं ग्रामीण की समीक्षा की गयी तथा पूर्व में जो कांशीराम आवास योजना के तहत बनाये गये आवासों का सत्यापन कराकर यह सुनिश्चित करा लिया जाये कि जिसे आवास आवंटित हुआ है, उसमें लाभार्थी ही निवास करे।

विद्युत विभाग की समीक्षा करते हुए मा० सांसदगणों के द्वारा खराब विद्युत आपूर्ति, खराब ट्रांसफार्मरों को समय से न बदलने एवं तारों के जर्जर होने की शिकायतों पर जिलाधिकारी ने कहा कि जो भी शिकायतें प्राप्त हुई है, उनको ४ दिनों में ठीक करा लिया जाय। विधानसभावार विद्युत विभाग की समीक्षा करते हुए मा० अध्यक्ष महोदया ने ग्रामीण क्षेत्रों/ कस्बों में लगायी जाने वाली स्ट्रीट लाइटों एवं हाईमास्ट में विद्युत कटौती पर नाराजगी व्यक्त की। मा० समिति ने जर्जर तारों/पोलों को बदलने एवं सभी व्यक्तिगत पम्पों के लिए ट्रांसफार्मर लगाने के लिए कहा।

# रेलवे सुरक्षा बल ने की अपराधियों पर कड़ी कार्रवाई

पसूका/नई दिल्लीः रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने पूरे भारत में एक महीने तक चलने वाले अभियान का जून २०२३ में समापन किया, जिसका उद्देश्य सुरक्षा उपायों को बढ़ाना और पूरे देश में रेलवे संपत्ति तथा यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करना था। यह व्यापक अभियान तीन प्रमुख क्षेत्रों पर केंद्रित थारूपहला अभियान चोरी की रेलवे संपत्ति प्राप्त करने वालों और रेलवे संपत्ति की चोरी/ आपराधिक हेराफेरी में शामिल अपराधियों को शरण देने वालों के खिलाफ था। आरपीएफ ने चोरी की रेलवे संपत्ति प्राप्त करने वाले व्यक्तियों और रेलवे संपत्ति की चोरी या आपराधिक हेराफेरी में शामिल अपराधियों को शरण देने वालों पर कड़ी कार्रवाई शुरू की। रणनीतिक संचालन और खुफिया-आधारित कार्रवाइयों के माध्यम से, आरपीएफ का उद्देश्य रेलवे संपत्तियों की अवैध निकासी और उसके बाद की बिक्री के लिए जिम्मेदार नेटवर्क को खत्म करना तथा अपराधियों को न्याय के दायरे में लाना था। पूरे भारत में एक महीने तक चले इस अभियान के दौरान, आरपीएफ ने चोरी की गई रेलवे संपत्ति के ६० प्राप्तकर्ताओं को पकड़ा और ५.७ लाख रुपये की चोरी की गई रेलवे संपत्ति की बरामदगी के साथ ८० मामले दर्ज किए। दूसरा मुख्य क्षेत्र, डिजिटल फुटप्रिंट/ डेटा प्रसंस्करण और सीसीटीवी फुटेज का उपयोग करते हुए रेलवे परिसर में रिपोर्ट किए गए यात्रियों के अपराधों को रोकने और पता लगाने पर केंद्रित था। अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी और डेटा विश्लेषण तकनीकों का उपयोग करते हुए, आरपीएफ ने रेलवे परिसर में यात्रियों द्वारा किए गए अपराधों को रोकने और उनका पता लगाने के लिए पीआरएस डेटाबेस से प्राप्त इनपुट के साथ सीडीआर/एसडीआर/टीडीडी डेटाबेस का लाभ उठाया। अपराधियों द्वारा छोड़े गए डिजिटल फुटप्रिंट का उपयोग करके और सीसीटीवी फुटेज का विश्लेषण करके, आरपीएफ का उद्देश्य सभी रेल यात्रियों के लिए एक सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित करते हुए अपराधियों की तेजी से पहचान करना और उन्हें पकड़ना था। महीने भर चले इस अभियान के दौरान, आरपीएफ ने ४६३ मामलों का पता लगाया और ४८४ आरोपी व्यक्तियों को गिरफ्तार किया जो यात्रियों के सामान की चोरी, डकैती, महिलाओं के खिलाफ अपराध और रेलवे टिकटों की अवैध बिक्री में लिप्त थे।अखिल भारतीय अभियान के तीसरे प्रमुख क्षेत्र का उद्देश्य मुकदमे की संपत्तियों का निपटान करना था। आरपीएफ ने कानूनी प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करने तथा जांच की निष्ठा बनाए रखने के लिए मुकदमे की संपत्तियों के कुशल निपटान के महत्व को प्रमुखता दी। एक महीने तक चले इस अभियान के दौरान, आरपीएफ ने चल रहे मुकदमों से संबंधित संपत्तियों के त्वरित और उचित निपटान को प्राथमिकता दी, ताकि न्याय को प्रभावी ढंग से और तेजी से सुनिश्चित किया जा सके। एक महीने के अभियान के दौरान, मुकदमे से संबंधित ४२६ संपत्तियों का निस्तारण किया गया।


रेलवे सुरक्षा बल देश भर में रेलवे संपत्ति और यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## झाँसी मंडल मे चला मेगा टिकट जांच अभियान

रे.स.ब्यू./सूत्र झाँसी उत्तर मध्य रेलवे झाँसी मंडल के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक शशिकांत त्रिपाठी के निर्देशन में झाँसी रेल मंडल में सघन टिकट जांच अभियान चलाये जा रहे है। इसी क्रम में दिनांकः ०३.०७.२३ को झाँसी मंडल के सभी स्टेशनों पर ८० से अधिक टिकट जाँच कर्मियों के माध्यम से वृहद स्तर पर टिकट जांच अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत स्टेशन पर गुजरने वाली ट्रेनों में तथा प्लेटफार्म पर रेल यात्रियों की टिकट जांच की गयी। सुबह ६ बजे से देर रात तक जारी रहे, उक्त जांच अभियान में बिना टिकट, अनियमित यात्रा, धूम्रपान करने वाले, गंदगी फैलाने वाले, अवैध वेंडर तथा बिना बुक लगेज सहित यात्रा करने वाले कुल १७६६ यात्री पकड़े गए। जिनसे जुर्माना स्वरुप १२,१८,८०२/- रेल राजस्व अर्जित किया गया । जांच के दौरान रेलवे स्टेशन के वेटिंग रूम आदि परिसर की भी सघन जांच की गई, इसके अतिरिक्त स्टेशन से गुजरने वाली सभी यात्री रेलगाड़ियों के विकलांग, महिला कोच, आरएमएस कोच तथा पैंट्री कार की भी जांच की गई। मेगा टिकट जांच अभियान के दौरान मुख्य टिकट निरीक्षक शिरीष उपागध्याय, अरुण सचान, साकेत यादव, रविन्द्र राजन, वैभव अगरवाल, मुकेश श्रीवास्तव तथा हरजीत आदि उपस्थित रहे।

## बरेका के वरिष्ठ राजभाषा अधिकारी डॉ संजय कुमार सिंह रेलवे बोर्ड द्वारा प्रेमचंद पुरस्कार के लिए चयनित






रे.स.ब्यू./संवा. बनारस रेल इंजन कारखाना, वाराणसी में वरिष्ठ राजभाषा अधिकारी के पद पर कार्यरत डॉ संजय कुमार सिंह को हिंदी में कथा/कहानी, उपन्यास, नाटक एवं अन्य गद्य साहित्य के लिए प्रेमचंद पुरस्कार योजना, आधार वर्ष २०२१ के अंतर्गत प्रथम पुरस्कार से सम्मानित करने का निर्णय लिया गया है। डॉ सिंह द्वारा लिखित पुस्तक आखिरी टुकड़ा को संयुक्त रूप से प्रथम पुरस्कार के लिए चुना गया है। पुरस्कार के अंतर्गत दस हजार रुपए नकद और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाएगा।

इस उपलब्धि पर बरेका के महाप्रबंधक बासुदेव पांडा, मुख्य राजभाषा अधिकारी नीरज जैन, निदेशक राजभाषा, रेलवे बोर्ड डॉ बरुण कुमार, वरिष्ठ उप महाप्रबंधक विजय सहित बरेका के अधिकारियों, राजभाषा कर्मियों एवं हिंदी प्रेमियों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए डॉ संजय कुमार सिंह को बधाई दी।

## पूर्वोत्तर रेलवे वाराणसी में अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस आयोजित



रे.स.ब्यू./सूत्र वाराणसी, २१ जून, २०२३ ९वाँ अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर २१ जून (बुधवार) को कार्मिक विभाग के तत्वधान में वाराणसी मंडल एवं मंडल के प्रमुख स्टेशनों, प्रशिक्षण केन्द्रों तथा डीजल लॉबी में वसुधैव कुटुंबकम के लिए योग "One World One Health" थीम के साथ योग के कार्यक्रम आयोजित किये गये । वाराणसी मंडल के लहरतारा स्थित अधिकारी क्लब में मंडल रेल प्रबंधक रामाश्रय पाण्डेय के नेतृत्व में शाखाधिकारियों , वरिष्ठ रेल अधिकारियों एवं उनके परिजनों ने योगाभ्यास किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मंडल रेल प्रबंधक रामाश्रय पाण्डेय ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। अधिकारी क्लब के हाल में आयोजित वसुधैव कुटुंबकम के लिए योग थीम के साथ-साथ मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर कार्यरत अधिकारियों, कर्मचारियों एवं उनके परिवार जनों ने बड़े पैमाने पर भाग लेकर कुशल योग प्रशिक्षकों की देख रेख में योगाभ्यास किया ।

इस अवसर पर पूर्वोत्तर रेलवे अधिकारी क्लब में योग प्रशिक्षक अनिल यादव द्वारा सूर्य नमस्कार, सर्वांगासन, हलासन, शशक आसन, शलभासन, मकरासन, धनुरासन, वज्रासन, शवासन एवं प्राणायाम के विभिन्न प्रकारों का प्रदर्शन एवं अभ्यास कराया गया । इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक रामाश्रय पांडेय, अपर मण्डल रेल प्रबंधक राहुल श्रीवास्तव, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा आर जे चौधुरी, वरिष्ठ मंडल इंजीनियर (समन्वय) राकेश रंजन, वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी समीर पॉल समेत सभी वरिष्ठ विभागीय अधिकारी उपस्थित थे। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक रामाश्रय पाण्डेय ने उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को योग अपनाने की शपथ दिलाते हुए कहा कि योग से शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य बेहतर होता है और व्यक्ति तनावमुक्त होकर अपने कार्यों को सम्पादित करता है ।

वर्तमान परिवेश में योग को आवश्यक बताते हुये उन्होंने कहा कि रेलकर्मी योग को अपने जीवन का अभिन्न अंग बनाकर अपने को शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ रखते हुये निर्बाध रेल संचलन में अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करें

> कोई भी चीज़ इतनी अच्छी नहीं होती जितनी प्रतीत होती है।
> जार्ज इलियट

## ६२वीं नेशनल इंटर स्टेट सीनियर एथलेटिक्स चौंपियनशिप में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के खिलाड़ियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन

रे.स.ब्यू./सूत्रःबिलासपुर- २६वीं नेशनल इंटर स्टेट सीनियर एथलेटिक्स चौंपियनशिप का आयोजन भुवनेश्वर (ओड़ीशा) में दिनांक १५ से १६ जून, २०२३ तक किया गया था । इस प्रतियोगिता में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के पाँच दीक्षा, पूजा, अभिलाषा सक्सेना, अभिषेक द्राल, फ्लोरेंस बरला एवं प्रिंस राज मिश्रा खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया गया है ।इस प्रतियोगिता में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के ०५ खिलाड़ियों ने भाग लिया जिसमें,इस प्रतियोगिता एवं पूर्व की उपलब्धियों के अनुरूप आगामी एशियन चौंपियनशिप जो जुलाई में थाईलैंड बैंक क में होना सुनिश्चित है और एशियन गेम्स जो अगस्त माह में चीन में होना सुनिश्चित है उसमें भारतीय दल के संभावित प्रतिभागी सूची में चयन हुआ है ।दीक्षा जो एकाउंट क्लर्क, मुख्यालय बिलासपुर ने पहला (इस खेल का रिकार्ड) वर्तमान में एशिया रैकिंग में नंबर वन है । पूजा, सीसी / टीसी, वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक बिलासपुर में कार्यरत है, एशियन गेम्स हेतु योग्य पाई गयी है । अभिलाषा सक्सेना, टीएम६ वरिष्ठ मण्डल अभियंता/नागपुर में कार्यरत है, १०वीं स्थान पाई गयी है । अभिषेक द्राल, सीसी/टीसी, वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक बिलासपुर में कार्यरत है, ६वीं स्थान पाई गयी है । फ्लोरेंस बरला, सीसी/टीसी, वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक बिलासपुर में कार्यरत है, एशियन गेम्स हेतु योग्य पाई गयी है । प्रिंस राज मिश्रा, सीसी/टीसी, वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक बिलासपुर में कार्यरत है, ३वीं स्थान पाई गयी है । दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के खिलाड़ियों को उनके शानदार प्रदर्शन एवं उपलब्धि पर महाप्रबंधक, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे एवं अधिकारियों द्वारा बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए भविष्य में और भी बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित किया गया है ।

## रेल संरक्षा आयुक्त ने किया रूमा- चकेरी – चंदारी रेलखंड का निरीक्षण

रे.स.ब्यू./सूत्र.प्रयागराज रेल संरक्षा आयुक्त पूर्वोत्तर परिक्षेत्र मोहम्मद लतीफ खान ने रूमा-चकेरी-चन्दारी रेलखंड के मध्य नवनिर्मित तीसरी रेल लाइन का दिनांक १८ जून २०२३ को निरीक्षण कियास इस दौरान रूमा – चकेरी - चन्दारी रेलखंड के मध्य १२ किलोमीटर रेल खंड पर तीसरी रेल लाइन सहित इस नवनिर्मित लाइन पर स्थापित सभी स्थापनाओं का बारीकी से निरीक्षण कियास उपरोक्त निरीक्षण कार्यक्रम के क्रम में आज सर्वप्रथम रेल संरक्षा आयुक्त महोदय द्वारा चन्दारी रेलवे स्टेशन पर संरक्षा से जुड़े सभी आवश्यक दस्तावेजों की से जांच की गई, इसके साथ ही प्लेटफार्म नंबर एक पर स्थित पैनल रूम का भी निरीक्षण किया गया।

उन्होंने ट्राली के द्वारा चन्देरी स्टेशन से पॉइंट नंबर १०५ -ए का अवलोकन किया। इस दौरान खंड में पढ़ने वाले सभीमेजर कर्व, ब्रिज और प इंट आदि का सुरक्षा आयुक्त द्वारा गहनता से निरीक्षण किया गया।

इसी क्रम में संरक्षा आयुक्त महोदय द्वारा चकेरी स्टेशन का भी निरीक्षण किया गया, इस दौरान संरक्षा से जुड़े सभी बिंदुओं और दस्तावेजों को चेक किया गया स निरीक्षण के बढ़ते क्रम में संरक्षा आयुक्त द्वारा समपार फाटक नंबर ७५ और कर्व नंबर ३ का भी निरीक्षण किया गया इस दौरान संरक्षा से जुड़े सभी बिंदुओं की बारीकी से जांच की गई, निरीक्षण के बढ़ते क्रम में रेल संरक्षा आयुक्त महोदय द्वारा रूमा स्टेशन के इलेक्ट्र निक बिल्डिंग का भी बारीकी से निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के बढ़ते हुये क्रम में रूमा से चंदारी के मध्य १२० किलोमीटर प्रति घण्टे की गति से स्पीड ट्रायल भी किया गया।

## दादर-बलिया तथा बलिया-दादर एक्स. के अतिरिक्त फेरों का संचालन

रे.स.ब्यू./सूत्रः यात्रियों को अतिरिक्त सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से रेल प्रशासन द्वारा दादर-बलिया तथा दादर गोरखपुर विशेष गाड़ियों के अतिरिक्त फेरों का संचालन किया जा रहा है । गाड़ी संख्या ०१०२५ दादर-बलिया एक्स. सप्ताह में ३ दिन (सोम, बुध, शुक्रवार) को संचालित की जाएगी यह गाड़ी दिनांक ३०.०७.२३ से २६.०६.२०२३ तक कुल ३६ फेरों के लिए संचालित की जाएगी । गाड़ी संख्या ०१०२६ बलिया-दादर एक्स. सप्ताह में ३ दिन (बुध, शुक्र और रविवार) को दिनांकरू ०५.०७.२३ से २६.०६.२०२३ तक कुल ३७ फेरे करेगी। गाड़ी संख्या ०१०२७ दादर-गोरखपुर एक्स. सप्ताह में ४ दिन (मंगल, गुरु, शनि, रविवार) दिनांकरू ०१.०७.२३ से ३०.०६.२०२३ तक कुल ५३ फेरे करेगी। गाड़ी संख्या ०१०२८ गोरखपुर-दादर एक्सप्रेस सप्ताह में ४ दिन दिनांकः ०४.०७.२०२३ से ३०.०६.२०२३ तक कुल ५१ फेरे करेगी।

# धनबाद-एल्लेपी एक्सप्रेस, स्वर्ण रेखा एक्सप्रेस एवं पुरुषोत्तम एक्सप्रेस का विभिन्न स्टेशनों पर दिया जा रहा है ठहराव

रे.स.ब्यू./सूत्रःहाजीपुर। यात्रियों की सुविधा के मद्देनजरगाड़ी सं- १३३५१/५२ धनबाद- एल्लेपी- धनबाद एक्सप्रेस का कोटषिला एवं झालिदा स्टेशनों पर, गाड़ी सं- १३३०१/०२ धनबाद- टाटा- धनबाद स्वर्ण रेखा एक्सप्रेस का सांतालडीह स्टेशन पर तथा गाड़ी सं- १२८०१/०२ पुरी- नईदिल्ली-पुरी पुरुषोत्तम एक्सप्रेस का बराभूम स्टेशन पर प्रायौगिक आधार पर ०१ मिनट का ठहराव दान करने का निर्णय लिया गया है जिनका विवरण निम्नानुसार है-गाड़ी सं- १३३५१/१३३५२ धनबाद- एल्लेपी- धनबाद एक्सप्रेस- दिनांक १७-०७-२०२३ से धनबाद खुलने वाली गाड़ी सं- १३३५१ धनबाद-एल्लेपी एक्सप्रेस १३-५६-१४-०० बजे कोटषिला स्टेशन तथा १४-०६-१४-१० बजे झालिदा स्टेशन पर रुकते हुई आगे के लिए प्रस्थान करेगी। इसी तरह दिनांक १७-०७-२०२३ से एल्लेपी से खुलने वाली गाड़ी सं- १३३५२ एल्लेपी-धनबाद एक्सप्रेस ०७-२३-०७-२४ बजे झालिदा एवं ०७-३६-०७-४० बजे कोटषिला स्टेशन पर रुकते हुई आगे प्रस्थान करेगी गाड़ी सं- १३३०१/१३३०२ धनबाद-टाटा- धनबाद स्वर्ण रेखा एक्सप्रेस- दिनांक१७-०७-२०२३ से धनबाद खुलने वाली गाड़ी सं- १३३०१ धनबाद-टाटा स्वर्ण रेखा एक्सप्रेस ०७-२७-०७-२८ बजे सांतालडीह स्टेशन पर रुकते हुए आगे के लिए प्रस्थान करेगी। इसी तरह दिनांक १७-०७-२०२३ से टाटा से खुलने वाली गाड़ी सं- १३३०२ टाटा-धनबाद स्वर्ण रेखा एक्सप्रेस १६-२६-१६-३० बजे सांतालडीह स्टेशन पर रुकते हुए आगे के लिए प्रस्थान करेगी । गाड़ी सं- १२८०१/ १२८०२ पुरी-नई दिल्ली-पुरी पुरुषोत्तम एक्सप्रेस- दिनांक १७-०७-२०२३ से पुरी खुलने वाली गाड़ी सं- १२८०१ पुरी- नई दिल्ली पुरुषोत्तम एक्सप्रेस ०७-५६-०८-००बजे बराभूम स्टेशन पर रुकते हुई आगे के लिए प्रस्थान करेगी । इसी तरह दिनांक १७-०७-२०२३ से नई दिल्ली से खुलने वाली गाड़ी सं- १२८०२ नईदिल्ली-पुरी पुरुषोत्तम एक्सप्रेस १८-३५- १८-३६बजे बराभूम स्टेशन पर रुकते हुई आगे के लिए प्रस्थान करेगी ।

## यह रचना दिल को छू गई।

तीन पहर तो बीत गये,
बस एक पहर ही बाकी है।
जीवन हाथों से फिसल गया,
बस खाली मुट्ठी बाकी है।
सब कुछ पाया इस जीवन में,
फिर भी इच्छाएं बाकी हैं
दुनिया से हमने क्या पाया
यह लेखा - जोखा बहुत हुआ
इस जग ने हमसे क्या पाया
बस ये गणनाएं बाकी हैं।
इस भाग-दौड़ की दुनिया में
हमको इक पल का होश नहीं
वैसे तो जीवन सुखमय है,
पर फिर भी क्यों संतोष नहीं !
क्या यूं ही जीवन बीतेगा
क्या यूं ही सांसें बंद होंगी ?
औरों की पीड़ा देख समझ
कब अपनी आंखें नम होंगी ?
मन के अंतर में कहीं छिपे
इस प्रश्न का उत्तर बाकी है।
मेरी खुशियां, मेरे सपने
मेरे बच्चे, मेर अपने
यह करते - करते शाम हुई
इससे पहले तम छा जाए
इससे पहले कि शाम ढले
कुछ दूर परायी बस्ती में
इक दीप जलाना बाकी है।
तीन पहर तो बीत गये,
बस एक पहर ही बाकी है।
जीवन हाथों से फिसल गया,
बस खाली मुट्ठी बाकी है।

जीवन की सारी दौड़ केवल अतिरिक्त के लिए है। अतिरिक्त पैसा, अतिरिक्त पहचान, अतिरिक्त शोहरत, अतिरिक्त प्रतिष्ठा, यदि यह अतिरिक्त पाने की लालसा ना हो तो जीवन एकदम सरल है.

## प्रभात रंजन बने उत्तर मध्य रेलवे के प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक, किया कार्यभार ग्रहण




रे.स.ब्यू./संवा.प्रयागराज भारतीय रेल यातायात सेवा के १९८६ बैच के अधिकारी प्रभात रंजन ने प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक/ उत्तर मध्य रेलवे का कार्यभार ग्रहण किया। इससे पूर्व वह मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/ सिस्टम, मध्य रेलवे के रूप में कार्यरत थे। प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक उत्तर मध्य रेलवे का पद अजय शंकर झा के सेवानिवृत्त होने के कारण रिक्त हुआ था। गया के मूल निवासी प्रभात रंजन भारतीय रेलवे के गतिशील अधिकारियों में से एक हैं जिनको रेलवे में परिचालन, सुरक्षा और वाणिज्यिक विभागों और सामान्य प्रशासन में काम करने का व्यापक अनुभव है। इन्होंने दिल्ली विश्वविद्यालय से एम ए एवं एम फिल. की उपाधियां प्राप्त की है।उन्होंने पूर्वी, दक्षिण पूर्व और मध्य रेलवे में विभिन्न पदों पर काम किया है। इसके अतिरिक्त कोंकण रेलवे, मुम्बई रेलवे विकास निगम एवं मिल-रेल में भी कार्य किया है ।

## संरक्षा मोबाइल वीडियो वैन द्वारा किया गया जागरुकता अभियान



साभारः झाँसी मंडल द्वारा संचालित संरक्षा जागरूकता मोबाइल वीडियो वैन के माध्यम से दिनांक १२.०७.२०२३ को ऊरई सेक्शन के मध्य, आर.टी.ओ. ऑफिस झाँसी , प्राथमिक विद्यालय बराठा, चिरगांव स्टेशन, मोठ स्टेशन, एट स्टेशन, ऊरई स्टेशन तथा ०४ गेटों पर मोबाइल वीडियो वैन द्वारा आम जनता व कर्मचारियों को जागरुक किया गया। इस अभियान के दौरान रेल-सड़क उपयोगकर्ताओं को रेल यात्रा से जुड़े सावधानियों के बारे में आडियो विजुअल सिस्टम के द्वारा जागरूक किया गया। यह संरक्षा जागरूकता वैन अपने ३५ दिनों के अभियान के दौरान, सड़क उपयोगकर्ताओं को समपार संबंधी सुरक्षा सावधानियों के बारे में शिक्षित करने के लिए विभिन्न महत्वपूर्ण स्थानों को कवर कर रही है । टीवी और ऑडियो विजुअल सिस्टम वाली यह मोबाइल वैन स्कूलों, लेवल क्रॉसिंगों, गांवों, पंचायतों, तहसीलों, आसपास के बाजारों आदि को कवर कर रही है । वैन में जागरूकता प्रसारण के लिए कई लघु फिल्में बनाई गई हैं जिनमें लेवल क्रॉसिंगों को सावधानी से कैसे पास करें, ट्रैक पर मवेशियों को ना ले जानेश, ट्रेन की छत और फुट बोर्ड पर यात्रा ना करें', यात्रा के दौरान कभी भी अजनबी से खाने-पीने की चीजें स्वीकार नहीं करनाश, ट्रेन में ज्वलनशील सामग्री नहीं ले जाना आदि जैसे विषयों को शामिल किया गया है। वैन की पूरी यात्रा के दौरान सेफ्टी काउंसलर साथ रहते है, जो की विषय की बेहतर समझ प्रसारित करने के लिए सड़क उपयोगकर्ताओं के बीच पैम्फलेट पोस्टर और स्टिकर वितरित कर रहे है ।

## FREE DIABETES AWARENESS AND SCREENING CAMPS FOR METRO COMMUTERS AT METRO STATIONS




Source/CPRO/Metro Railway/Kolkata : Metro Railway in association with Baidyanath Ayurved Bhawan Pvt. Ltd. has been organizing Free Diabetes Check-up Camps at different Metro stations. These camps have already been organized at Masterda Surya Sen, Kalighat, Jatin Das Park, Rabindra Sadan, Girish Park, Belgachia and Sealdah stations. Metro commuters are getting opportunities to Check-Up their Blood Sugar level in these Camps. A large number of Metro commuters responded by availing the opportunity and checked their blood sugar level free of cost in these camps.Doctors are also attending these Camps in order to provide free consultations to the commuters if they are found Diabetic. They are also making people aware about this silent killer. Such Camps will be organized at other stations during commercial hours in the coming days. It is to be noted that Metro Railway regularly organizes such Camps in its premises in order to enable the commuters to check their different health parameters on the go. Metro commuters have also appreciated such innovative initiatives and responded overwhelmingly.

इनसान महान पैदा नहीं होता है, उसके विचार उसे महान बनाते हैं. विचार और काम की शुद्धता और सरलता ही महान लोगों को आम लोगों से अलग करती है. वे वही काम करते हैं, जो दूसरे करते हैं, लेकिन उनका मकसद समाज में बदलाव लाना होता है।

-महात्मा गांधी

## पाठकों से

आपको यह अंक कैसा लगा? इसमें आप और क्या परिवर्तन चाहते है। कृपया अपने सुझावों, आलोचनाओं से अवश्य ही अवगत करायें। आपके पत्रों का हमें इंतजार रहेगा।

प्रधान सम्पादक

# श्रावण मास पर विशेष

रे.स.ब्यू./संवा.वाराणसी शंकर काशी में समस्त जीवों को तारक मंत्र देकर मुक्त करते हैं श्री रामचरितमानस के रचयिता संत गोस्वामी तुलसीदास महाराज ने अपनी रचना विनय पत्रिका में काशी की स्तुति करते हुए कहा है कि कलयुग में काशीपुरी कामधेनु गाय के समान है काशी के चारों ओर की मर्यादा अर्थात चौहद्दी ही कामधेनु के श्रेष्ठ चरण है देव लोक वासी उन चरणों की सेवा करते हैं यहां के सब तीर्थ स्थान ही इसके पवित्र अंग हैं अविनाशी अगणित शिवलिंग ही रोम है अंतरगृही रहने के लिए बढ़िया घर है अर्थ धर्म काम मोक्ष ये चारों फल ही चार थन है और वेद पर विश्वास रखने वाले लोग ही बछड़े हैं अर्थात जिस प्रकार बछड़े से गाय पेनाह कर दूध देती है उसी प्रकार वेद वचन मे जो विश्वास है, उस विश्वास रुपी बछरु से ईश्वर प्राप्ति रुपी दूध देती है। वरुणा नदी ही मानो ललरि होकर सुभौषित हो रही है। आसि नदी गाय के पूछ के रूप में विराजमान है। दंड पाडी और भैरव इसके दो सिंह हैं। यह कामधेनु अपने इन दोनों सींगो से पाप में रुचि रखने वाले लोगो को भयभीत करती रहती है। लोलार्क कुंड और त्रिलोचन एक तीर्थ ये दो नेत्र हैं ।

करणघंटा नाम का स्थान इसके गले में बना हुआ घंटा रूप है। मणिकर्णिका नाम का स्थान चंद्रमा के समान सुंदर मुख है । गंगा जी से जो सुख प्राप्त हो रहा है वहीं इसका शोभा है । स्वार्थ और परमार्थ से परिपूर्ण पंचकोसी परिक्रमा की महिमा है। पालचित विश्वनाथ जी इसका पालन करने वाले हैं और पार्वती जैसी देवी इसका सदैव लालन करती रहती है। अष्ट सिद्धियां इंद्राणी और सरस्वती इसकी पूजा करती है और और लक्ष्मी सरीखी तीनो लोग की स्वामिनी इसका रुख देखती रहती है। पंचाक्षरी मंत्र इसका पंचप्राण है भगवान बिंदु माधव आनंद है और पंच नदी पंचगंगा पंचगव्य रूप है। संसार को विकसित करने वाले राम नाम के दो अक्षर ब्रह्म और जीव के समान है। यहां सूकर्म कुकर्म कर के जितने प्राणी मरते हैं। उनका यह शुभ अशुभ कर्मरूपी घास है इसका चारा है। उसी का यह चरा करती है। उस चारे को खाकर यह कामधेनु मोक्ष रूपी पवित्र दूध देती है, उसे मरने वाले प्राणी पीते हैं । यह मोक्ष रूपी दुध इतना दुर्लभ है कि इसके लिए संसार में उदासीन संत महात्मा तरसते हैं। पुराणों का कथन है कि भगवान बिंदुमाधव अपने हाथों से इसकी रचना की है उनकी है कारीगरी कला रूप है ।

तुलसीदास कहते हैं कि काशी में मरने वाले जीव चाहे वह मानव रूपी हो या कीट पतंगे सबका भगवान शिव तारक मंत्र देकर उसे जीवन मरण से मुक्ति प्रदान करते हैं गोस्वामी जी द्वारा विनय पत्रिका में लिखी गई है बातें यह सिद्ध करता है कि भगवान शंकर काशी में रहने वाले सभी जीवो को मुक्ति प्रदान करते हैं।

# आरेडिका के आरपीएफ बैरक परिसर में किया गया वृक्षारोपण



साभारः आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली में दिनांक १५.०७.२०२३ को वृक्षारोपण अभियान के तहत आरपीएफ बैरक परिसर में महाप्रबंधक पी के मिश्रा ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ जामुन, आम, आंवला, अमरूद आदि के फलदार एवं छायादार ४५० वृक्षों का रोपण किया। यह वृक्षारोपण कार्यक्रम पीसीएससी रमेश चन्द्र के मार्गदर्शन में किया गया। वृक्षारोपण के लिए आरपीएफ के जवानों ने श्रमदान के माध्यम से वृक्षारोपण के लिए तैयार गडढों में पौधों के रोपण का कार्य किया। महाप्रबंधक महोदय ने पौधों को बरसात के बाद पानी की कमी से बचाने के लिए सिंचाई की उचित व्यवस्था हेतु वाटर पोइंट बनाने एवं टेंकर द्वारा जल आपूर्ति के लिए निर्देशित किया ताकि नव रोपित पौधों को बचाया जा सके। आगे इसी कड़ी में महाप्रबंधक महोदय ने आरपीएफ बैरक परिसर का निरीक्षण किया एवं व्यवस्थाओं के सुचारू रुप से संचालन से प्रसन्न होकर आरपीएफ के जवानों को नगद पुरस्कार प्रदान किया।

# दानापुर और बेंगलूरु के मध्य ०२ स्पेशल ट्रेनों का परिचालन



रे.स.ब्यू./सूत्र हाजीपुर : यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ के मद्देनजर उनकी सुविधा हेतु दानापुर और बेंगलूरु के मध्य ०२ स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जायेगा जिनका विवरण इस प्रकार है - गाड़ी संख्या ०३२४७/०३२४८ दानापुर-एसएमभीवी, बेंगलूरु सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन- गाड़ी संख्या ०३२४७ दानापुर-एसएमभीबी, बेंगलूरु सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन २०.०७.२०२३ से ३१.०८.२०२३ तक सप्ताह के प्रत्येक गुरूवार को दानापुर से १५.०० बजे खुलकर १५.२६ बजे आरा, १६.२० बजे बक्सर, १८.२० बजे पं. दीनदयाल उपाध्याय जं. रूकते हुए क्रमशः शनिवार को १३.०० बजे एसएमभीवी, बेंगलूरु पहुंचेगी। वापसी में गाड़ी संख्या ०३२४८ एसएमभीवी, बेंगलूरु-दानापुर सुपरफास्ट स्पेशल २२.०७.२३ से ०२.०६.२३ तक सप्ताह के प्रत्येक शनिवार को २३.२५ बजे एसएमभीबी, बेंगलूर से खुलकर सोमवार को १८.२० बजे डीडीयू, १६.४५ बजे बक्सर, २१.१५ बजे आरा रूकते हुए २३.३० बजे दानापुर पहुंचेगी । इस स्पेशल में तृतीय वातानुकूलित श्रेणी का ०२, शयनयान श्रेणी के १२ एवं साधारण श्रेणी के ०४ कोच होंगे । गाड़ी संख्या ०३२५६/०३२६० दानापुर-एसएमभीवी, बेंगलूरु सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन-गाड़ी संख्या ०३२५६ दानापुर-एसएमभीवी, बेंगलूरु सुपरफास्ट स्पेशल १८.०७.२०२३ से २६.०८.२०२३ तक सप्ताह के प्रत्येक मंगलवार को दानापुर से १५.०० बजे खुलकर १५.२६ बजे आरा, १६.२० बजे बक्सर, १८.२० बजे पं. दीनदयाल उपाध्याय जं. रूकते हुए क्रमशः गुरूवार को १३.०० बजे एसएमभीवी, बेंगलूरु पहुंचेगी । वापसी में गाड़ी संख्या ०३२६० एसएमभीवी, बेंगलूरु-दानापुर सुपरफास्ट स्पेशल २०.०७.२३ से ३१.०८.२३ तक सप्ताह के प्रत्येक गुरूवार को २३.२५ बजे एसएमभीबी, बेंगलूरु से खुलकर शनिवार को १८.२० बजे डीडीयू, १६.४५ बजे बक्सर, २१.१५ बजे आरा रूकते हुए २३.३० बजे दानापुर पहुंचेगी । इस ट्रेन में साधारण श्रेणी के १८ कोच एवं एसएलआर के ०२ कोच सहित कुल २० कोच होंगे ।

## General Manager awarded 07 railway staff of NCR for extraordinary commitment towards safety

Source/CPRO/NCR: General Manager, North Central Railway, Shri Satish Kumar conferred awards to staff for their alertness and contribution towards safety in train operations in the presence of PHODs of North Central Railway. 07 Railway staff were conferred with Safety awards by the General Manager on the occasion. Awardees include 1. Shri Amarnath, Pointsman/Jigna/Prayagraj Division 2. Shri Kashiram Kushwaha, Pointsman/Orchha/Jhansi Division 3. ShriRammilan Yadav, Signal Assistant/Mohasa/Jhansi Division 4. Shri Dinesh Kumar Meena, Gateman Engineer/Kosi Kalan/ Agra Division 5. Shri Gajendra Kumar Yadav, Assistant Loco Pilot/Veerangana Laxmibai/Jhansi Division 6. Shri Mukesh Sahu, Loco Pilot/Veerangana Laxmibai/Jhansi Division 7. Shri Shashikant Kumar, Constable/R.P.S.F./Prayagraj Chheoki/Prayagraj Division. Shri Shashikant Kumar, has been conferred with the Employee of the month Safety Award of June, 2023. On 08.06.2023, while on duty, Shri Shashikant Kumar saved the life of a woman who Fell in the gap of train & platform.Due to his timely, vigilant and prompt action, the life of passenger could be saved.He has rendered excellent service in the line of his duty with extraordinary commitment and full dedication.

## विशेष रेलगाड़ियों के अतिरिक्त फेरों का संचालन

रेल प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए निम्नलिखित विशेष सुपरफास्ट रेलगाड़ियों के अतिरिक्त फेरों के संचालन का निर्णय लिया गया है, जिसका विवरण निम्नवत् है :-

### गाड़ी सं. 01905/01906 कानपुर सेंट्रल-अहमदाबाद साप्ताहिक सुपरफास्ट विशेष गाड़ी

| गाड़ी संख्या - 01905 कानपुर-अहमदाबाद | | | गाड़ी संख्या - 01906 अहमदाबाद-कानपुर | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | आगमन | प्रस्थान |
| सोम | 15:35 | कानपुर सेंट्रल | 11:55 | बुध |
| 17:13 | 17:15 | इटावा | 09:15 | 09:17 |
| 19:00 | 19:05 | टूंडला | 08:05 | 08:10 |
| 20:10 | 20:15 | आगरा फोर्ट | 06:00 | 06:05 |
| 20:58 | 21:00 | फतेहपुर सीकरी | 05:13 | 05:15 |
| 21:13 | 21:15 | रूपबास | 04:55 | 04:57 |
| 22:15 | 22:17 | बयाना | 04:25 | 04:27 |
| 11:00 | मंगल | अहमदाबाद | मंगल | 14:40 |

**अन्य ठहराव :** उपरोक्त स्टेशनों के अतिरिक्त यह गाड़ी हिण्डौन सिटी, गंगापुर सिटी, कोटा, रतलाम, छायापुरी, आनंद एवं नडियाद स्टेशनों पर भी रूकेगी।

कानपुर सेंट्रल से गाड़ी संख्या 01905, प्रत्येक सोमवार, तत्काल प्रभाव से 25.09.2023 तक
अहमदाबाद से गाड़ी संख्या 01906, प्रत्येक मंगलवार, तत्काल प्रभाव से 26.09.2023 तक

**गाड़ी संरचना :** एसएलआर/डी - 02, सामान्य श्रेणी - 05, स्लीपर श्रेणी - 08, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी - 08, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी - 01,

### गाड़ी सं. 04165/04166 आगरा कैंट-अहमदाबाद साप्ताहिक सुपरफास्ट विशेष गाड़ी

| गाड़ी संख्या - 04165 आगरा कैंट-अहमदाबाद | | | गाड़ी संख्या - 04166 अहमदाबाद-आगरा कैंट | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | आगमन | प्रस्थान |
| बुध | 20:20 | आगरा कैंट | 06:10 (शुक्र) | ----- |
| 20:58 | 21:00 | फतेहपुर सीकरी | 05:13 | 05:15 |
| 21:13 | 21:15 | रूपबास | 04:55 | 04:57 |
| 22:15 | 22:17 | बयाना | 04:25 | 04:27 |
| 11:00 | गुरू | अहमदाबाद | गुरू | 14:40 |

**अन्य ठहराव :** उपरोक्त स्टेशनों के अतिरिक्त यह गाड़ी हिण्डौन सिटी, गंगापुर सिटी, कोटा, रतलाम, छायापुरी, आनंद एवं नडियाद स्टेशनों पर भी रूकेगी।

आगरा कैंट से गाड़ी संख्या 04165, प्रत्येक बुधवार, तत्काल प्रभाव से 27.09.2023 तक
अहमदाबाद से गाड़ी संख्या 04166, प्रत्येक गुरूवार, तत्काल प्रभाव से 28.09.2023 तक

नोटः ट्रेनों की समय-सारणी से सम्बन्धित जानकारी हेतु हेल्पलाईन 139 या Rail Madad Mobile App या वेबसाइट www.railmadad.indianrailways.gov.in का प्रयोग करें।

**उत्तर मध्य रेलवे**

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @CPRONCR @northcentralrailway 1151/23(AN)

# दीपक कुमार सिन्हा बने झाँसी मंडल के नये मंडल रेल प्रबंधक



रे.स.ब्यू./सूत्रः झांसी। भारतीय रेल सिग्नल एवम् दूरसंचार इंजीनियरिंग सेवा (IRSSE) १९९२ बैच के अधिकारी दीपक कुमार सिन्हा झाँसी मंडल के नये मंडल रेल प्रबंधक बनाए गएहैं। इन्होंने आईआईटी/रुड़की से वर्ष १९९२ में बी.ई. (इलेक्ट्रॉनिक्स एवम् कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग) में किया है। झाँसी मंडल आने से पूर्व दीपक कुमार सिन्हा उत्तर मध्य रेलवे मुख्य सिग्नल एवं टेलिकॉम अभियंता (प्लानिंग) के पद पर कार्यरत थे।

दीपक कुमार सिन्हा झाँसी मंडल से पूर्व परिचित हैं, इन्होंने यहाँ वरिष्ठ मंडल सिग्नल एवं टेलिकॉम इंजिनीयर के पद पर सेवा प्रदान की हैं। इसके अतिरिक्त दीपक वरिष्ठ मंडल सिग्नल एवं टेलिकॉम इंजिनीयर लमडिंग/ नॉर्थ फ्रंटियर रेलवे, मुख्य सिग्नल एवं टेलिकॉम अभियंता (निर्माण) उत्तर मध्य रेलवे, CORE/ मुख्यालय जैसे महत्वपूर्ण पदों पर कार्य कर चुके हैं। दीपक कुमार कार्य में निपुणता हेतु INSEAD सिंगापुर एवं ICLIF मलेशिया से उच्च स्तरीय प्रबंधन ट्रेनिंग ग्रहण कर चुके हैं। इसके अतिरिक्त ^ठ हैदराबाद से रणनीतिक प्रबंधन कार्यक्रम (Strategic Management Programme) में भी प्रशिक्षण प्राप्त है।

# पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक अनुपम शर्मा ने की निर्माण परियोजनाओं की समीक्षा




हाजीपुर : पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक अनुपम शर्मा द्वारा महेन्द्रूघाट, पटना में आयोजित उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में नई लाईन, दोहरीकरण, थर्ड लाईन सहित पूर्व मध्य रेल की विभिन्न निर्माण परियोजनाओं के कार्य प्रगति की समीक्षा की गई। १३.०७.२०२३ को परियोजनाओं की समीक्षा के क्रम में महाप्रबंधक ने निर्माण परियोजनाओं तथा रेल विकास से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता से पूरा करने का दिशा-निर्देश दिया । बैठक में अपर महाप्रबंधक सहित प्रमुख विभागाध्यक्ष उपस्थित थे ।समीक्षा बैठक में पूर्व मध्य रेल के निर्माण विभाग की उपलब्धियों एवं भविष्य की कार्ययोजनाओं से महाप्रबंधक को अवगत कराया गया। इस अवसर पर महाप्रबंधक ने पूर्व मध्य रेल में चल रही निर्माण परियोजनाओं की नियमित एवं गहन मॉनिटरिंग का निर्देश दिया ताकि सभी निर्माण कार्य तय समय पर पूरा किया जा सके ।




**Senior athletic Asian championship बैंकॉक थाईलैंड में १२ से १६ जुलाई २०२३ में पूर्वोत्तर रेलवे के अजय सरोज ने १५०० मीटर में स्वर्ण पदक हासिल किया इस शानदार उपलब्धि पर पूर्वोत्तर रेलवे क्रीड़ा संघ के सभी पदाधिकारी गण को बहुत-बहुत बधाई**




**कोई भी चीज़ इतनी अच्छी नहीं होती जितनी प्रतीत होती है।**
जार्ज इलियट

**पाठकों से अनुरोध**

विगत वर्षों की भाँति आगामी वर्ष के लिए अपनी रेल समाचार ब्यूरो पत्रिका को सुरक्षित करने के लिए वार्षिक सद्स्यता शुल्क शीघ्र भेजने की कृपा करें, जिससे उक्त पत्रिका आपको नियमित भेजी जा सके।

सहयोग राशिः

१.उच्चतम अधिकारी- ५००० रु. मात्र
२.उच्च अधिकारी- ३५०० रु. मात्र
३.अधीनस्थ अधिकारी-२५०० रु. मात्र
४.रेलकर्मी/अन्य सदस्य-१०००रु.मात्र

प्रबंध संपादक
ज्ञानेन्द्र कुमार श्रीवास्तव/अनिल केन
रेल समाचार ब्यूरो कैंप कार्यालय-८४३६ आर्य नगर पहाड़गंज दिल्ली-५५

**समस्त प्रकार के कानूनी मामलों का न्यायिक क्षेत्र प्रयागराज होगा**

सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वामी ज्ञानेन्द्र कुमार श्रीवास्तव दि. इलाहाबाद ब्लाक वर्क्स प्रा. लि. 329/255, चक, जीरो रोड, इलाहाबाद से मुद्रित एवं 502 पंचशीला भवन त्रिवेनी रोड, नेतानगर,कीडगंज इलाहाबाद-211003 से प्रकाशित। आर.एन. आई नं.51097-90 पोस्ट ए.डी-8 मो. 9793956044,9935224867 फोन नं.-0532-2418040